प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

पंचायत चुनाव

प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के दूसरे चरण के लिए आज सुबह 7 बजे से शांतिपूर्ण तरीके से मतदान जारी है। दूसरे चरण के तहत प्रदेश की एक हजार 2 सौ 76 पंचायतों में वोट डाले जा रहे हैं। मतदान दोपहर बाद 3 बजे तक चलेगा। पंचायत प्रधान, उपप्रधान व वार्ड सदस्यों के लिए डाले गए वोटों की गिनती मतदान के तुरंत बाद शुरू हो जाएगी और शाम तक इनके नतीजे भी घोषित कर दिए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक दूसरे चरण में आज कुल 17 लाख 30 हजार 30 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगें। इसमें सबसे अधिक करीब 4 लाख मतदाता कांगड़ा जिला से है जबकि सबसे कम 8 हजार 875 मतदाता लाहौल–स्पीति में हैं। इस बीच 30 मई को तीसरे चरण के लिए होने वाले मतदान को लेकर आज शाम 3 बजे खुले में प्रचार बंद हो जाएगा। इसके बाद उम्मीदवार केवल अब व्यक्तिगत रूप से ही जनसंपर्क कर सकेंगे। तीनों चरणों में जिला परिषद और पंचायत समिति के सदस्यों के लिए डाले गए वोटों की गिनती 31 मई को होगी।

मतदाता

इस बीच आज पंचायत चुनाव के दूसरे चरण के मतदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। खासकर पहली बार मतदान करने वाले युवाओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर हिस्सा लिया और अन्य लोगों से भी बढ़–चढ़कर वोट डालने की अपील की।

जंगल आग

प्रदेश में बढ़ते तापमान के बीच जंगलों में आग लगने की घटनायें बढ़ रही है। प्रदेश के वन विभाग प्रमुख संजय सूद ने बताया कि अब तक राज्य में जंगलों में आग लगने के 232 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनसे करीब 2 हजार 900 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। इन घटनाओं में अब तक लगभग 67 लाख रुपये के नुकसान का आकलन किया गया है। संजय सूद ने बताया कि सबसे ज्यादा प्रभाव मंडी जिले में देखा गया है, जहां 85 मामले सामने आए हैं।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महीने के आखिरी रविवार यानि 31 मई को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी के द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

बाबा बालकनाथ

हमीरपुर ज़िला के प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा बालकनाथ मंदिर दियोटसिद्ध में नई फसल का रोट चढ़ाने के लिए इन दिनों प्रदेश सहित पंजाब और हरियाणा से भी हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मान्यता है कि नई फसल बाबा को अर्पित करने से घर में सुख–शांति, धन–धान्य और समृद्धि बनी रहती है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए मंदिर प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद है और आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की गई हैं।

विधिक सेवा प्राधिकरण

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आम लोगों के कानूनी विवादों को आपसी सहमति से समाधान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से **मेडिएशन फॉर द नेशन** का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दूसरे चरण के तहत ऊना जिला में विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। प्राधिकरण की सचिव शिखा

लखनपाल ने बताया कि अदालतों में चल रहे मामलों को आपसी सहमति और मध्यस्थता से निपटाने की कोशिश इस अभियान में की जा रही है जिससे समय और धन की बचत के साथ ही आपसी संबंधों को भी बनाए रखने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, संपत्ति विभाजन, भूमि अधिग्रहण तथा उपभोक्ता मामलों जैसे सुलह योग्य विवादों को प्राथमिकता दी जा रही है।

पर्यटन आमद

देश से मैदानी इलाकों में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी से बचने के लिए भारी संख्या में सैलानियों ने शिमला का रूख किया है। गर्मियों के पर्यटन सीजन के चरम पर पहुंचते ही शिमला में पर्यटन कारोबारियों में अच्छे कारोबार की उम्मीद बढ़ी है। आकंड़ों के मुताबिक मई महीने के 24 दिनों में करीब 6 लाख 31 हजार वाहन शिमला पहुंचे हैं। शिमला के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने बताया कि रोजाना 20 हजार से अधिक वाहन पहुंचने से शहर में ट्रैफिक दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है जिसे देखते हुए शहर को 5 सैक्टरों में बांट कर विस्तृत ट्रैफिक योजना तैयारी की गई है। ट्रैफिक को सुचारू बनाये रखने के लिए शहर में 32 ट्रैफिक राइडर तैनात किए गए हैं।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे नमस्कार।